सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-4 • 10 MARCH TO 16 March 2023 • VOLUME 34 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

**प्रेरणा**

"कर्म सुख भले ही न ला सके, परंतु कर्म के बिना सुख नहीं मिलता।"

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING DESIGN TRAINING

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE

ISO CERTIFIED 2015 COMPANY

✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD

Low Filing Charges &
*Pay Money after the visa

•IELTS •STUDY ABROAD

CANADA AUSTRALIA USA U.K SINGAPORE EUROPE

E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663

REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.

*T&C apply

# अमृतसर पहुंचने पर भगवंत मान ने किया राष्ट्रपति का स्वागत

## मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति के साथ श्री हरिमन्दर साहिब, जलियांवाला बाग़, श्री दुर्ग्याना मंदिर एवं भगवान वाल्मीकि तीरथ के किए दर्शन





• जालंधर ब्रीज.अमृतसर

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक दिवसीय दौरे पर अमृतसर पहुँचे राष्ट्रपति का श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत किया और उनको गुलदस्ता भेंट किया। पंजाब आने पर राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि यह गुरूओं, संतों, पीरों-फकीरों की धरती है। उन्होंने राष्ट्रपति को बताया कि पंजाब की अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है, जिस संबंधी केवल यहाँ आकर ही जाना जा सकता है।

राष्ट्रपति ने श्री हरमंदिर साहिब में माथा टेककर अपने कार्यक्रमों की शुरुआत की। उन्होंने गर्भगृह में दर्शन किए, परिक्रमा की और अन्य श्रद्धालुओं के साथ लंगर में भी शामिल हुईं। उन्होंने श्री हरमंदिर साहिब की विजिटर बुक में लिखा, "सुंदर वास्तुकला और दिव्यता के साथ यह पवित्र स्थान शांति और सद्भाव की भावना पैदा करता है। मैंने देश की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। विशेष रूप से लंगर के दौरान स्वयंसेवकों को सेवा और भक्ति की भावना से अथक परिश्रम करते देखना बहुत अच्छा लगा। सिख गुरुओं की शिक्षा हमें भाईचारे और एकता के लिए प्रेरित करती रहे।"

इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जलियांवाला बाग का दौरा किया और मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने जलियांवाला बाग में विजिटर बुक में लिखा कि मातृभूमि के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने वाले वीरों को कृतज्ञ राष्ट्र सदैव याद रखेगा। यह स्मारक आने वाली पीढ़ियों को स्वतंत्रता के महत्व और इसके लिए किए गए बलिदानों की याद दिलाएगा और उन्हें राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करता रहेगा। दिल्ली लौटने से पहले, राष्ट्रपति ने दुर्गियाना मंदिर और भगवान वाल्मीकि राम तीर्थ स्थल पर पूजा अर्चना की।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पंजाब, तेलंगाना विधेयकों को दी मंजूरी

राष्ट्रपति ने पंजाब, तेलंगाना के विधेयकों को अपनी मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि



पंजाब के इस बिल का उद्देश्य मुआवजे का भुगतान करने के बाद 4,000 एकड़ से अधिक भूमि पर कब्जा करने वाले 11,200 से अधिक किरायेदारों को संपत्ति का अधिकार देना है। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक तेलंगाना विधेयक को भी अपनी सहमति दी, जो अदालत द्वारा तय की गई तारीख पर अभियुक्तों को पेश करने में विफल रहने पर गंभीर अपराधों के मामलों में ज़मानत लेने वाले लोगों पर जुर्माना लगाने की अनुमति देता है। कानून को बाद में आम आदमी पार्टी सरकार ने मंजूरी दे दी थी।

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि यह उम्मीद की जाती है कि कानून ऐसी भूमि जोतने वालों को सशक्त करेगा, जो समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के हैं। ये काश्तकार कई वर्षों से जमीन के छोटे-छोटे टुकड़ों पर काबिज हैं और पीढ़ी-दर-पीढ़ी उत्तराधिकारी के तौर पर अपने अधिकार प्राप्त करते हैं। चूंकि वे पंजीकृत मालिक नहीं थे, इसलिए न तो वे वित्तीय संस्थानों से ऋण ले सकते थे और न ही किसी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में उन्हें राहत मिलती थी, लेकिन अब उन्हें अन्य भूस्वामियों की तरह सभी लाभ मिलेंगे।

**पंजाब विधानसभा सत्र**

## कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ने उठाया महंगे इलाज का मुद्दा

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

पंजाब के ऊर्जा एवं लोक निर्माण मंत्री ने आज विधान सभा सत्र के दौरान निजी अस्पतालों द्वारा किए जाने वाले महँगे इलाज का उपयुक्त समाधान निकालने और सरकारी अस्पतालों की तजऱ् पर एकरूपता लाने पर ज़ोर दिया।



हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने आज श्री चमकौर साहिब से विधायक डॉ. चरणजीत सिंह द्वारा पेश किए प्रस्ताव पर बोलते हुए कहा कि सरकारी कर्मचारी और पेंशनभोगी स्वयं या अपने आश्रित परिवार के सदस्यों का विभिन्न सरकारी और निजी अस्पतालों में विभिन्न बीमारियों का इलाज करवाते हैं। उन्होंने बताया कि निजी अस्पताल बीमारियों के इलाज के लिए अधिक राशि वसूल करते हैं, परन्तु सम्बन्धित को ख़र्च की गई राशि की पूरी प्रतिपूर्ति नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में करवाए गए इलाज की लगभग पूरी राशि प्रतिपूर्ति के दौरान प्राप्त हो जाती है, जबकि निजी अस्पताल में करवाए गए इलाज के दौरान ऐसा नहीं होता।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जनहित में इस मामले का उपयुक्त समाधान निकालना चाहिए और सरकारी कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और उनके आश्रितों के निजी अस्पतालों द्वारा किए गए इलाज के लिए वसूली गई राशि की पूरी प्रतिपूर्ति होनी चाहिए।

## कानून व्यवस्था के मुद्दे पर बीजेपी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने चंडीगढ़ में किया विरोध प्रदर्शन



• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

चंडीगढ में गुरुवार को बीजेपी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कहा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार हर मुद्दे पर फेल है। पंजाब में कानून व्यवस्था के मुद्दे को लेकर पंजाब विधानसभा के बाहर प्रदर्शन करने के लिए जा रहे बीजेपी कार्यर्ताओं को चंडीगढ़ पुलिस ने बैरीकेड लगाकर रोक लिया। इसके बाद बीजेपी के प्रदर्शन को रोकने के लिए कार्यकर्ताओं पर वाटर कैनन से पानी की बौछारें फेंकी गईं।

प्रदर्शन के दौरान बीजेपी नेताओं ने कहा कि पंजाब में कानून व्यवस्था की हालत पूरी तरह से खराब है। हर कोई फिरौतियां मांग रहा है लेकिन, अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब की सरकार सो रही है। हम सो रही सरकार को जगाने जा रहे हैं। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार का जमकर विरोध जताया। उन्होंने कहा कि यह सरकार भ्रष्ट है। अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में यह सरकार पूरी तरह से फेल है।

## पूर्व सीएम प्रकाश बादल, सुखबीर बादल ने मांगी अग्रिम जमानत

• जालंधर ब्रीज.कोटकपूरा



कोटकपूरा गोलीकांड केस में चार्जशीट दायर होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल और पूर्व उप मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल ने फरीदकोट जिला अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। याचिका पर 14 मार्च को अतिरिक्त जिला व सेशन जज की अदालत में सुनवाई होगी। कोटकपूरा गोलीकांड केस में एसआईटी ने 24 फरवरी को चार्जशीट दाखिल की थी। छह मार्च को जेएमआईसी की अदालत ने दोनों बादलों समेत अन्य आरोपियों को नोटिस जारी करके 23 मार्च को पेश होने के आदेश दिए थे। पंजाब पुलिस द्वारा गठित की गई एसआईटी ने स्थानीय अदालत फरीदकोट में सात हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। एसआईटी ने तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल, उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल के अलावा तत्कालीन डीजीपी सुमेध सिंह सैनी व कोटकपूरा सिटी के थाना प्रभारी समेत छह पुलिस अधिकारियों को भी आरोपी बनाया है।

## राम चंद्र पौडेल चुने गए नेपाल के नए राष्ट्रपति, सुभाष चंद्र नेमबांग को हराया



**नेपाल.** नेपाली कांग्रेस के राम चंद्र पौडेल गुरुवार को नेपाल का नया राष्ट्रपति चुनो गया। उन्होंने सुभाष चंद्र नेमबांग को हराया। पोडेल, नेपाली कांग्रेस और सीपीएन (माओवादी सेंटर) सहित आठ दलों के गठबंधन के एक आम उम्मीदवार को संसद के 214 सांसदों और 352 प्रांतीय विधानसभा सदस्यों का वोट मिला। नेपाली कांग्रेस के प्रमुख शेर बहादुर देउबा ने ट्वीट किया, "मेरे दोस्त राम चंद्र पौडेलजी को राष्ट्रपति चुने जाने पर हार्दिक बधाई।

राष्ट्रपति के चुनाव के लिए मतदाताओं की कुल संख्या 882 है, जिसमें संसद के 332 सदस्य और सात प्रांतों की प्रांतीय विधानसभाओं के 550 सदस्य शामिल हैं। चुनाव आयोग के प्रवक्ता शालिग्राम ने कहा कि 518 प्रांतीय विधानसभा सदस्यों और संघीय संसद के 313 सदस्यों ने राष्ट्रपति चुनाव में मतदान किया। नेपाल में 2008 में गणतंत्र बनने के बाद से यह तीसरा राष्ट्रपति चुनाव है।

## तिहाड़ में पूछताछ के बाद मनीष सिसोदिया को ईडी ने किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली.** मनीष सिसोदिया को बेल लेना जितना आसान लग रहा था, ईडी की कार्रवाई के बाद ये सब इतना आसान नहीं रह जाएगा। मनीष सिसोदिया की जमानत अर्जी पर 10 मार्च को सुनवाई होनी थी। वो 20 मार्च तक न्यायिक हिरासत में थे। ईडी ने उन्हें लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। कई ऐसे सवाल हैं जिनके जवाब ईडी जानना चाह रही है। बता दें कि आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बारे में पहले से ही इशारा कर रहे थे। आम आदमी पार्टी की तरफ से कहा जा रहा था कि दो राउंड के सवाल-जवाब के बाद ईडी सिसोदिया को गिरफ्तार कर सकती है और वैसा ही हुआ।

# नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे स्मारक टेस्ट मैच का हिस्सा बने भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री

• जालंधर ब्रीज.जालंधर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस ने गुरूवार को गुजरात के अहमदाबाद स्थित नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे स्मारक क्रिकेट टेस्ट मैच का कुछ हिस्सा देखा। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीस के एक ट्वीट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया: "क्रिकेट, भारत और ऑस्ट्रेलिया में एक साझा जुनून! भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट मैच के कुछ हिस्से को देखने के लिए अपने अच्छे दोस्त, पीएम एंथनी अल्बानीस के साथ अहमदाबाद आकर खुशी हुई। मुझे विश्वास है कि यह एक रोमांचक खेल होगा!"

स्टेडियम पहंचने पर, प्रधानमंत्री और ऑस्ट्रेलियाई




प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीस का क्रमशः भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह और बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी द्वारा सम्मान किया गया। प्रधानमंत्री और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने गायिका फल्गुई शाह द्वारा प्रस्तुत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम, एकता का संगीत देखा। प्रधानमंत्री ने टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा को टेस्ट कैप सौंपी, जबकि ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ को टेस्ट कैप सौंपी। इसके बाद प्रधानमंत्री और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने स्टेडियम में भारी भीड़ के सामने एक गोल्फ कार्ट में गार्ड ऑफ ऑनर लिया।

दोनों टीमों के कप्तान जहां टॉस के लिए पिच पर पहुंचे, वहीं प्रधानमंत्री और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री स्टेडियम का मुआयना करते हुए फ्रेंडशिप हॉल ऑफ फेम की ओर बढ़े। भारतीय टीम के पूर्व कोच एवं खिलाड़ी रवि शास्त्री दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के साथ थे और उन्होंने भारत एवं ऑस्ट्रेलिया के बीच क्रिकेट के समृद्ध इतिहास के बारे में जानकारी दी।

इसके बाद दोनों टीमों के कप्तान दोनों देशों के संबंधित प्रधानमंत्रियों के साथ खेल के मैदान में गए। दोनों कप्तानों ने अपनी टीम का दोनों प्रधानमंत्रियों से परिचय कराया और उसके बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रगान गाया गया। इसके बाद प्रधानमंत्री और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री क्रिकेट की दो शीर्ष टीमों के बीच टेस्ट मैच देखने के लिए अध्यक्ष दीर्घा में पहुंचे।

## पहले दिन का मैच खत्म, भारत के खिलाफ उस्मान ख्वाजा ने लगाया पहला टेस्ट शतक

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा और आखिरी टेस्ट मैच में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडिमय में खेला जा रहा है। इसमें ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का फैसला किया और दिन खत्म होने तक मेहमान टीम ने 4 विकेट के नुकसान पर 255 रन बोर्ड पर लगाए। इसमें ओपनिंग बल्लेबाज़ उस्मान ख्वाजा ने भारत के खिलाफ टेस्ट में अपना पहला शतक लगाया। ख्वाजा 15 चौकों की मदद से 104 रन बनाकर नाबाद लौटे। उनके साथ कैमरून ग्रीन 49* रनों के निजी स्कोर पर वापस लौटे। टीम ने पहले दिन ट्रेविस हेड (32), मार्नस लाबुशेन (3), पीटर हैंड्सकॉम्ब (17) और कप्तान स्टीव स्मिथ (38) के रूप में कुल चार विकेट गंवाए।

मैच के पहले दिन स्पिन गेंदबाजों को मदद नहीं मिली। भारत की ओर से मोहम्मद शमी ने 2 विकेट झटके। वहीं, रवींद्र जडेजा और आर आर अश्विन को 1-1 सफलता मिली। पहले दिन पिच बल्लेबाज़ों के लिए काफी अनुकूल रही। शमी ने मार्नस लाबुशेन और पीटर हैंड्सकॉम्ब को बोल्ड कर चलता किया। इसके अलावा, जडेजा ने




विरोधी टीम के कप्तान स्टीव स्मिथ के डंडे बिखेरे। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ मज़बूत स्थिति में दिखाई दिए। ट्रेविस हेड और उस्मान ख्वाजा ने पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। वहीं, रवींद्र जडेजा और आर अश्विन ने क्रमशः 49 और 57 खर्च कर 1-1 विकेट अपने नाम किया। अक्षर पटेल भी विकेट चटकाने में नाकाम रहे। उन्होंने 12 ओवर में 14 रन खर्च किए, वहीं श्रेयस अय्यर ने भी एक ओवर डाला, जिसमें उन्होंने 2 रन खर्च किए।

TRAVELING

ऊंचे पहाड़, नदियों का सुरीला संगीत, वाकई जब हम घूमने निकलते हैं तो ऐसा लगता है जैसे प्रकृति भी हमारे साथ गुनगुना रही है।

साउथ इंडिया घूमने का प्लान बना रहे हैं तो IRCTC आपके लिए लेकर आया है खास टूर पैकेज। 10 दिनों तक आप तिरुपति, मल्लिकार्जुन, रामेश्वरम, मदुरै और कन्याकुमारी ट्रिप का लुत्फ उठा सकेंगे।

# आईआरसीटीसी के साथ करें तिरुपति से कन्याकुमारी तक दक्षिण भारत की रोमांचक सैर





• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

साउथ इंडिया में घूमने के लिए एक से बढ़कर एक जगहें हैं। अगर आप फैमिली या फ्रेंड्स के साथ दक्षिण भारत की सैर करना चाहते हैं तो IRCTC के खास टूर पैकेज का लाभ उठा सकते हैं। इस टूर पैकेज में 9 रात और 10 दिन का सफर है। इस दौरान आपको तिरुपति, मल्लिकार्जुन, रामेश्वरम, मदुरै और कन्याकुमारी की सैर कराई जाएगी। प्रसिद्ध मंदिरों में दर्शन करने का मौका मिलेगा। आईआरसीटीसी का यह टूर पैकेज काफी सस्ता है। इनमें आपको गाइड की सुविधा भी मिलेगी। तो चलिए विस्तार से जानते हैं इस टूर पैकेज के बारें में...

**11 मार्च से यात्रा की हुई शुरुआत**

IRCTC के इस स्पेशल टूर पैकेज की शुरुआत इसी महीने की 11 तारीख को हुई। इस दौरान आपको 9 रात और 10 दिन घूमने का मौका मिलेगा। इस टूर की शुरुआत राजस्थान के सीकर से होगी। भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन से आपको सफर कराया जाएगा। अगर आप इस टूर पैकेज की बुकिंग करते हैं तो सीकर, जयपुर, सवाई माधोपुर और कोटा स्टेशन से बोर्डिंग कर सकते हैं। मतलब सस्ते में दक्षिण भारत की फेमस जगहों की सैर कर सकते हैं। सफर के दौरान IRCTC की तरफ से यात्रियों की कई तरह की सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाती है। रेलवे इस तरह की यात्रा की सुविधा उपलब्ध करवाती रहती है।

**क्या-क्या सुविधाएं**

IRCTC के इस टूर पैकेज में आपको रहने और खाने की व्यवस्था मिलेगी। इस टूर पैकेज के जरिए श्रद्धालुओं को तिरुपति मंदिर के दर्शन कराया जाएगा और रामेश्वरम में आस्था की डुबकी लगा सकेंगे। अगर आप इस टूर पैकेज को चुनना चाहते हैं तो IRCTC की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर इसकी बुकिंग कर सकते हैं। किराया और टूर पैकेज से जुड़ी अन्य जानकारी भी आपको वेबसाइट पर ही मिलि जाएगी। बता दें कि आईआरसीटीसी समय-समय पर कई टूर पैकेज लेकर आता है। जो काफी किफायती कीमत में सुविधाओं वाला होता है। इसमें कई जगहों की सैर कराई जाती है।

FASHION+

# पिंक साड़ी-सिल्वर ब्लाउज में राधिका मर्चेंट ने चुरा ली पूरी अटेंशन, अबु जानी की पार्टी में दिखा गॉर्जियस लुक

**अंबानी खानदान की होने वाली बहू राधिका मर्चेंट अपनी सास नीता अंबानी की तरह ही फैशन के मामले में आगे रहती हैं। अबु जानी की पार्टी में उनका स्टाइलिश लुक देखने को मिला।**



• **जालंधर ब्रीज.** फीचर



अंबानी खानदान की होने वाली बहू राधिका मर्चेंट सास नीता अंबानी की तरह ही फैशन के मामले में आगे हैं। फैशन डिजाइनर अबु जानी संदीप खोसला के फैशन फिल्म प्रीमियर में शामिल होने के लिए उनका स्टनिंग लुक हर किसी की तारीफ बटोर रहा है। सितारों से भरी इस पार्टी में अबु जानी और संदीप खोसला ने फैशन फिल्म का प्रीमियर किया। जिसमे राधिका मर्चेंट भी शामिल हुईं। ब्लश पिंक कलर की साड़ी में वो काफी खूबसूरत दिख रही थी।

**राधिका मर्चेंट ने पार्टी में पहनी पिंक साड़ी**

फैशन डिजाइनर अबु जानी संदीप खोसला ने फैशन फिल्म 'मेरा नूर है मशहूर' का प्रीमियर रखा था। जिसमे फिल्मी दुनिया के सितारों के साथ ही अंबानी परिवार की होने वाली बहू राधिका मर्चेंट ने भी एंट्री ली। क्लासी और एलिगेंट लुक में तैयार राधिका काफी अट्रैक्टिव दिख रही थीं। ब्लश पिंक कलर की रफल साड़ी के साथ सिल्वर एंब्रायडरी का ब्लाउज को पेयर किया गया था।

साड़ी के डिजाइनर लुक की बात करें ब्लश पिंक साड़ी पर रफल बॉर्डर बना था और सिल्वर गोटा पट्टी लगा था। वहीं साड़ी को राधिका मर्चेंट ने बिल्कुल ट्रेडिशनल स्टाइल से कैरी किया था। वहीं इस साड़ी संग कैरी ब्लाउज काफी स्टाइलिश था। आइवरी शेड के ब्लाउज पर हैवी एंब्रायडरी वाले ब्लाउज को पेयर किया गया था। जिसकी स्लीव और नेकलाइन पर शिमरी बीडेड टेसल लगे थे। वहीं स्वीटहार्ट नेकलाइन और क्रॉप्ड एस्मेट्रिकल हेमलाइन ब्लाउज को स्टाइलिश बनाने के लिए काफी दिख रहे थे।

**ज्वैलरी थी खास**

राधिका ने इतने स्टाइलिश अपीयरेंस के लिए मैचिंग के चोकर नेकपीस को पहना था। जिसके साथ फ्लोरल डिजाइन के ईयररिंग को मैच किया गया था। वहीं बालों में स्लीक पोनी टेल और पिंक ग्लॉसी लिप खूबसूरती में चार चांद लगा रहे थे। बता दें कि राधिका मर्चेंट अंबानी परिवार की होने वाली बहू हैं। मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी से जल्द ही उनकी शादी होने वाली है।

# बदलते मौसम में बनाएं अदरक की चटनी, स्वाद और सेहत का मिलेगा डबल डोज

**सेहत के लिए अदरक के कई फायदे हैं। खांसी-जुकाम जैसी परेशानी में इसका इस्तेमाल दवा के तौर पर होता है। देखिए इससे चटपटी चटनी बनाने का तरीका।**





• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

हेल्थ के लिए अदरक के कई तरह के फायदे हैं। इसे रोजाना की चाय में इस्तेमाल करने के अलावा कई और चीजों में भी यूज किया जा सकता है। अदरक को सब्जी में भी डाला जा सकता है। इसी के साथ इसकी टेस्टी चटनी बनाई जा सकती है। इस चटनी को आप बड़ी आसानी से घर पर बना सकते हैं। साथ ही बदलते मौसम के कारण हो रहे सर्दी-जुकाम में भी ये चटनी फायदेमंद साबित हो सकती है। देखिए अदरक की चटनी बनाने का तरीका-

**चटनी को बनाने के लिए सामग्री-**

- अदरक
- सरसों तेल
- जीरा
- तेज पत्ता
- नमक
- मिर्ची पाउडर
- धनिया पाउडर
- शक्कर
- खटाई
- हींग

**चटनी बनाने की विधि-**

इसे बनाने के लिए अदरक को अच्छे से धोएं और छील लें। फिर एक छोटे बलेंडर में अदरक, लाल मिर्च, धनिया पाउडर और जीरा डालें। इसी के साथ थोड़ा सा पानी डालें और अच्छे से ब्लेंड करें। इसे स्मूद पेस्ट बना जाए तब एक पैन गर्म करने के लिए रखें। इसमें सरसों का तेल डालें और गर्म होने दें। फिर इसमें जीरा हींग और तेज पत्ता डालें। इसे चटकने के बाद इसमें अदरक का पेस्ट डालें। इसे अच्छे से पक जाने के बाद इसमें शक्कर और खटाई डालें। फिर चटनी को अच्छे से चलाएं और जब ये पूरी तरह से सिक जाए तो इसे एक कंटेनर में निकाल लें।

# मार्च में जन्मे बच्चों के लिए इस लिस्ट में से चुने प्यारा सा नाम, हर शब्द का है एक खास मतलब

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

PARENTING



बच्चे के घर में जन्म लेते ही उसके लिए एक प्यारा और यूनिक नाम ढूंढने की कवायत तेज हो जाती है। हर माता-पिता अपने बच्चे को एक ऐसा खूबसूरत नाम देना चाहते हैं जिसकी झलक उसके व्यक्तित्व में भी साफ नजर आए। अगर आपके लिए भी अपने बच्चे के लिए प्यारा सा नाम ढूंढना एक चुनौती बन गया है तो आपकी मुश्किल को आसान करते हुए आपको बताते हैं मार्च में जन्मे कुछ बच्चों के लिए प्यारे से नाम।

**मार्च में जन्मे बच्चों के लिए यूनिक नेम लिस्ट**

**कियांश-** इस नाम को मतलब होता है, जिस व्यक्ति में सभी गुण मौजूद हों। अगर आप भी अपने बच्चे में अच्छे गुण चाहते हैं तो आप उसका नाम कियांश रख सकते हैं।

**नील-** ये छोटा और प्यारा-सा नाम आप अपने बेटे के लिए पसंद कर सकते हैं। नील नाम का मलतब होता है नीला रंग।

**निर्वेद-** ईश्वर के तोहफे को निर्वेद कहते हैं। अगर आप अपने बच्चे को ईश्वर का आशीर्वाद मानते हैं, तो उसका नाम निर्वेद रख सकते हैं।

**श्रीहन-** भगवान विष्णु को भी श्रीहन के नाम से पुकारा जाता है। इस नाम का मतलब होता है सबसे सुंदर दिखने वाली वस्तु।

**अनविका-** इस नाम का अर्थ होता है जिसमें शक्ति होने के साथ जो पूर्ण भी हो, उसे अनविका के नाम से जाना जाता है।

**आरुष-** माता-पिता अक्सर अपने बेबी ब्वॉय के लिए इस नाम को रखना पसंद करते हैं। आरुष नाम का मतलब होता है सूर्य की पहली किरण, शांत, लाल, शानदार। सूर्य देव को भी आरुष के नाम से जाना जाता है।

**नास्या-**यह एक हिब्रू नाम है जिसका मतलब 'चमत्कार' होता है। जो लोग अपने घर पैदा हुई बेटी को भगवान का आशीर्वाद और चमत्कार मानते हैं, वो अपनी बेटी को नास्या नाम दे सकते हैं।

**अमिल-** अमिल एक सुंदर अरबी नाम है, जिसका अर्थ है 'आशा'। कई जगह लड़कियों के लिए इस नाम का उपयोग किया जाता है।

# आपकी त्वचा को जला सकती हैं खतरनाक केमिकल वाली ब्लीच क्रीम

SKIN CARE

**डार्क पिगमेंटेशन को कम करने या स्किन कलर को हल्का करने के लिए आप भी ब्लीच करती या कराती होंगी। यदि आपको भी ब्लीच बर्न हो गई है, तो यहां हैं इसे ट्रीट करने के 6 प्रभावी उपाय।**





• **जलंधर ब्रीज.** ब्यूटी

अक्सर हम स्किन या हेयर के कलर को हल्का करने या डार्क पिगमेंटेशन को कम करने के लिए ब्लीच करते हैं। ब्लीच एक ऐसा कंपाउंड है, जो स्किन और हेयर के अलावा, सफाई और कीटाणुशोधन के लिए भी उपयोग किया जाता है। ये अधिकांश प्रकार के वायरस, बैक्टीरिया, फंगस को खत्म कर सकते हैं। ब्लीच की जरूरत से अधिक मात्रा का प्रयोग करने पर नुकसान भी हो सकता है। इससे स्किन जल भी सकती है। इसे ब्लीच बर्न कहा जाता है। इसलिए ब्लीच का प्रयोग करने से पहले इसकी मात्रा की सही जानकारी होनी चाहिए। खुद को सुरक्षित रखने के लिए सावधानी भी बरतनी चाहिए।

**ब्लीच बर्न के कारण दर्द, लालिमा और सूजन :** शोधकर्ता थॉमस बेंजोई और जेसन डी हेचर के अनुसार, ब्लीच बर्न सामान्य बर्न्स के समान ही दिखते हैं। गर्मी के कारण होने वाली जलन की तरह, ब्लीच बर्न के कारण दर्द, लालिमा, सूजन, छाले या त्वचा की अधिक गंभीर क्षति हो सकती है।

**संक्रमण से बचाव जरूरी :** ब्लीच के कारण एक खतरनाक समस्या तब होती है, जब ब्लीच को अन्य घरेलू क्लीनर, विशेष रूप से टॉयलेट बाउल क्लीनर और अमोनिया के साथ मिलाया जाता है। इनके मिश्रण से क्लोरीन गैस निकलती है, जिससे दम भी घुट सकता है। क्लोरीन गैस ऊतक को नुकसान पहुंचा देती है। इससे सांस लेना मुश्किल हो सकता है और इसके परिणामस्वरूप मृत्यु भी हो सकती है।

## ब्लीच बर्न को ट्रीट करने के 5 उपाय

**1 जले हुए स्थान को धो लें :** जर्नल ऑफ़ कॉस्मेटिक डर्मेटोलोजी के अनुसार, जैसे ही आपको यह महसूस होता है कि स्किन पर ब्लीच बर्न हो गया है, तो इसे धो लें। जले हुए स्थान और उसके आस-पास के एरिया को भी अच्छी तरह धो लें। इसे साफ करने के लिए मुलायम और मेडिकेटिड सोप का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**2 इन्फेक्शन से बचाने के लिए नॉन-स्टिक पट्टी से बांधें :** जर्नल ऑफ़ क्यूटेनियस मेडिसिन एंड सर्जरी के अनुसार, जले हुए भाग को धूल, मिटटी और अन्य इन्फेक्शन से बचाने के लिए नॉन-स्टिक पट्टी से बांध लें। पट्टी को दिन में दो बार बदलें। अगर यह गीली या गंदी हो गई है, तो तुरंत बदलें।

**3 एंटी-इंफ्लेमेटरी दवा का प्रयोग :** इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ डेर्मेटोलोजी के अनुसार, ब्लीच बर्न की जलन दर्दनाक भी हो सकती है। नॉन-स्टेरायडल एंटी-इंफ्लेमेटरी मेडिसिन जैसे इबुप्रोफेन, नेप्रोक्सन, की खुराक ली जा सकती है। पर किसी भी दवा को लेने से पहले डॉक्टर से संपर्क करना जरूरी है।

**4 फफोले पर नियोस्पोरिन क्रीम लगायें :** इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ डेर्मेटोलोजी के अनुसार, ब्लीच बर्न को पूरी तरह से ठीक होने में दो सप्ताह तक का समय लग सकता है। तो धीरे-धीरे उस स्थान को साफ कर लें। नीचे की त्वचा की रक्षा के लिए इस पर फिर से पट्टी बांध दें। डॉक्टर की सलाह पर इसपर नियोस्पोरिन जैसी क्रीम लगाई जा सकती है।

**5 ब्लीच बर्न पर एलोवेरा की परत :** जर्नल ऑफ़ कॉस्मेटिक डर्मेटोलोजी के अनुसार, ब्लीच बर्न पर एलोवेरा भी लगाया जा सकता है। जले को हुए स्थान को धोकर एलोवेरा जेल की पतली परत लगाई जा सकती है। इसके बाद पट्टी बांध दें।

# जन औषधि : जनता की फार्मेसी

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

5 जुलाई, 2016 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने मुझे रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में ज़िम्मेदारी दी। उस समय मैं प्रधानमंत्री जी से मिलने गया और कहा की मुझे किस विषय पर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा की कंाग्रेस के समय की ऐसी एक मृत योजना है, जो ग़रीबो को अत्यधिक लाभ दे सकती है उस योजना को दोबारा से जीवित करना है, और वह है 'जन औषधि'। इसके बाद मैंने इस योजना पर कार्य करना शुरू किया।

सरकार द्वारा चलाई गई कोई योजना एक आम जन को किस प्रकार से प्रभावित करती है, उनके जीवन में क्या सकारात्मक बदलाव लाती है, वह जानने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी जनता के साथ संवाद करते रहते हैं। वैसे ही एक संवाद मे उन्होंने उत्तराखंड की दीपा साह से बात की, दीपा साह ने उन्हे बताया की उसे पैरालायसिस हो गया था और उनके पति भी दिव्यांग है, उनकी दवाइयाँ बहुत महँगी आती थी, जीवन-यापन करना बड़ा मुश्किल हो गया था। लेकिन जन औषधि परियोजना ने स्थिति को बदल दिया। पहले दवाइयों का खर्च 12,000 से अधिक होता था लेकिन जब उन्होंने जनऔषधि केंद्र से दवाई लेना शुरू किया तो उनका ख़र्च घटकर 1,500 हो गया, बचे हुए पैसों से वो अपना अन्य काम करती हैं। उन्होंने कहा की 'मोदी जी मैंने ईश्वर को तो नहीं देखा, लेकिन आपको ईश्वर के रूप में देखा है' आपको बहुत-बहुत धन्यवाद', यह सुनकर स्वयं प्रधानमंत्री जी भी भावुक हो गये थे।

आज के समय में जनता को ऐसी बीमारियों ने घेर रखा है जिनकी दवाइयाँ उन्हे जीवन भर लेनी पड़ती हैं, और उनपर काफी खर्च भी आता है, जैसे मधुमेह, ब्लड प्रेशर, कलस्ट्रोल इत्यादि। जन औषधि केंद्रों पर इन सब की दवाइयाँ बाजार दाम से लगभग 50 से 90 प्रतिशत सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं। इससे उनका काफी जेब खर्च बचा है। इसके कारण पूरे देश भर के नागरिकों की 20.000 करोड़ की बचत हुई है। आज जब 5वां जनऔषधि दिवस मनाया जा रहा है, तब इस योजना की सफलता के पिछले सरकार की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता, मेहनत और लगन को इस लेख के माध्यम से आपके सामने रखना चाहूँगा।

सबसे पहले तो इस प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना को सरकारी ना रखते हुए देश में एक बिजनेस मॉडल के तौर पर शुरू किया गया, जिसके तहत जनऔषधि केंद्रों को रिटेल केंद्र के तौर पर खोले जाने की शुरूआत हुई। जन औषधि केंद्र कोई भी व्यक्ति, फार्मासिस्ट, उद्यमी, एनजीओ, ट्रस्ट, सोसाइटी, इंस्टीटयूशन इत्यादि, जिनके पास 120 वर्ग फूट की दुकान हो एवं एक प्रशिक्षित फार्मासिस्ट उनके पास हो, जन औषधि केंद्र खोल सकता है। जन औषधि केंद्र संचालक को सरकार की तरफ से 5 लाख रूपये तक की सहायता राशि दी जाती है, जो कि मासिक बिक्री पर आधारित होती है। यह राशि प्रति माह अधिकतम 15 हजार रूपये तक ही हो सकती है। महिला उद्यमी, दिव्यांग, सेवानिवृत सैनिक, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, नार्थ ईस्टर्न स्टेट्स, पर्वतीय क्षेत्रों के आवेदकों को 2 लाख रूपये की वित्तीय सहायता उनको केंद्र तैयार करने के लिए अलग से दी जाती है, साथ ही दवाई उत्पादों की बिक्री करने के लिए एक सॉफ्टवेयर भी दिया जाता है। इस प्रकार यह केंद्र देश मे एक बिसजेस मॉडल के रूप मे स्थापित हुए और रोज़गार का भी एक बड़ा साधन बनें।

जैसे-जैसे इस योजना का विस्तार हुआ, यह योजना देश के कौने-कौने मे आम आदमी तक पहुचने लगी। 2014 में देश में केवल 80 केंद्र इस योजना के तहत कार्यरत थे जिसकी संख्या आज बढ़कर 9000 से अधिक हो गई है। यानी केवल पिछले 8 वर्षो में 100 गुणा से ज़्यादा। हमने हर वर्ष इस योजना के लिए एक लक्ष्य निर्धारित किया और उस पर कार्य किया। 2014-2015 में जन औषधि केंद्रों पर होने वाली बिक्री 12 करोड़ के लगभग थी, वह आज बढ़कर लगभग 1200 करोड़ पहुँच गई है। इससे लोगों की बचत तो हुई ही, उनका खर्च भी कम हुआ। जनता के जन औषधि केंद्रों




के प्रति बढ़ते रुझान और माँग, एवं उनकी सुविधा को देखते हुए हमनें केंद्रों पर मिलने वाले उत्पादों की संख्या भी बढ़ायी। 2014-15 में केंद्रों पर जहां केवल 300 उत्पाद मिलते थे आज उनकी संख्या बढ़कर 2039 हो गई है। इसके साथ मैं आपका ध्यान एक और बिंदु पर लेकर जाना चाहूँगा। केंद्रों पर ना केवल दवाइयाँ मिलती है, बल्कि अन्य सर्जिकल उत्पाद भी इस पर उपलब्ध है। देश भर में जब 9,000 से अधिक जनऔषधि केंद्र खुले तो इस बात का ध्यान भी रखा गया की इनपर होने वाली आपूर्ति में कोई बाधा ना आये। सप्लाई चैन को सुलभ बनाए रखने के लिए हमनें वेयरहाउस की संख्या में बढ़ोतरी की। 2014-2015 में जहां देश में केवल 1 ही वेयरहाउस था आज देश में 4 वेयरहाउस हैं। यहाँ मिलने वाली जेनरिक दवाइयाँ बाज़ार से कम दाम पर मिलती है वो भी लगभग 50%-90% सस्ती। कैंसर जैसी बीमारी की महँगी दवाई उदाहरण के तौर पर डोसेटेक्सल जो बाज़ार में 9,828 रुपये में मिलती है वह जनौषधि केंद्र पर मात्र 18,00 रुपये में मिल जाती है यानी की 82% सस्ती। यह भारत के आम नागरिक के लिए एक बहुत बड़ी बात है।

यह एक ऐसी योजना है जिसने देश के आम जनमानस के जीवन को सीधा प्रभावित किया है, लाखों जीवन को बचाया है, मैं यह कह सकता हूँ की यह योजना समुद्र मंथन से निकले उस अमृत के सम्मान है जिसने देश के लाखों लोगों के जीवन को सँवारा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एक बात मेरे और मेरे अधिकारियों के लिए एक स्पष्ट दिशा-निर्देश बन गई की देश का कोई भी ग़रीब व्यक्ति, उसकी जान, दवाई की कीमत और किल्लत की वजह से नहीं जानी चाहिए। यह सुनिश्चित करते हुए हमने महिला स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा है। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना ने महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके उत्तम स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई है। मुझे यह बताते हुए गर्व है की जन औषधि केंद्रों पर सुविधा सैनेट्री पेड मात्र 1 रुपये में उपलब्ध करवाया जाता है। इसने साभी महिलाओं की बड़ी परेशानी को हल किया है। जन औषधि केंद्रों के माध्यम से अब तक लगभग 34 करोड़ से अधिक सुविधा सैनेट्री पेड विक्रय किए जा चुके हैं। महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी सरकार हमेशा प्रतिबद्ध रही है, यह उसी का एक उदाहरण है। प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना मात्र एक योजना नहीं यह ग़रीब व मध्यम वर्ग का एक ऐसा मित्र बनकर उभरा है जो बुरे वक़्त में हमेशा काम आता है। इसकी सफलता को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व मे सरकार भविष्य में भी इसके विस्तार को लेकर प्रतिबद्ध है। भारत के 140 करोड़ नागरिकों को इस योजना का लाभ मिले इसके लिए भविष्य में हमनें इनकी संख्या 15,000 तक पहुँचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। ग्रामीण में क्षेत्रों 1 लाख जनसंख्या पर 1 केंद्र व शहरी क्षेत्रों में 1 लाख जनसंख्या पर 2 केंद्र स्थापित किए जाएँगे। अगले 5 वर्षों में केंद्रों पर मिलने वाले उत्पादों की संख्या को बढ़ाकर 2500 तक किया जाएगा। सप्लाई चैन को और अधिक मज़बूत करने और माँग की पूर्ति करने के लिए अगले 10 वर्षो में वेयरहाउस की संख्या 10 तक ले जाने का भी लक्ष्य रखा गया है।

यह सभी प्रयास 'अंत्योदय' की भावना और इस योजना का देश के प्रत्येक नागरिक को शत-प्रतिशत लाभ मिले उसको देखकर किए जा रहे हैं। हमारी सरकार की सोच राजनैतिक दृष्टि से नहीं चलती, बल्कि समाज को उसका क्या लाभ होगा उसको लेकर चलती है। इस अमृत काल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत के अगले 25 साल का विजन रखा है, जिसमें हम सभी को आने वाली पीढ़ी के लिए एक स्वस्थ और सशक्त भारत का निर्माण करना है। यह योजना भी उसी विजन का एक छोटा सा हिस्सा है। जो भारत के आम नागरिक को सशक्त करने में बड़ी भूमिका निभा रही है। आइये जन-जन के लिए बनी जनता की फार्मसी यानि मोदी जी की दवाई की दुकान से लोगों को परिचित करवाने का संकल्प लें और 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' की हमारी संस्कृति के वाहक बनें।

# मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जालंधर-होशियारपुर-चिन्तपुर्णी सड़क के लिए 13.74 करोड़ रुपए किये मंज़ूर

• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर



पंजाब के राजस्व मंत्री और होशियारपुर के विधायक ब्रम संकर जिम्पा की कोशिशों स्वरूप 1 अप्रैल से जालंधर- होशियारपुर- चिन्तपुर्णी सड़क का काम शुरू होने की संभावनाएं हैं। सड़क के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने 13.74 करोड़ रुपए मंज़ूर कर दिए हैं। सड़क के निर्माण के लिए टैंडर भी लग चुके हैं।

पंजाब भवन में प्रैस कान्फ्रेंस के दौरान जिम्पा ने बताया कि इस सड़क की बेहद ख़स्ता हालत से दोआबा इलाका ख़ास तौर पर होशियारपुर निवासी बहुत दुखी थे। सड़क की बुरी हालत के कारण रोज़मर्रा के होते हादसों के कारण कई कीमती जानें भी चली गई परन्तु पहले की सरकारों ने इस तरफ़ कोई ध्यान नहीं दिया और लोगों की ज़िंदगी के साथ खिलवाड़ किया। सड़क बनाने की जगह लोगों को ईश्वर के सहारे छोड़ दिया।

उन्होंने बताया कि यह सड़क काफ़ी अहम है क्योंकि इस सड़क के द्वारा बहुत से श्रद्धालु माता चिन्तपुर्णी जी, माता ज्वाला जी, माता कांगड़ा देवी जी, माता चमुंडा देवी जी, माता बगलामुखी जी और बाबा बालक नाथ जी जैसे अति महत्वपूर्ण धार्मिक स्थानों के दर्शनों के लिए जाते हैं।

जिम्पा ने कहा कि उत्तरी भारत के मशहूर सैलानी शहर धर्मशाला और मैकलोड गंज जाने के लिए भी लाखों लोग होशियारपुर के द्वारा जाते हैं। इसलिए इस सड़क की महत्ता को देखते हुये इसके विकास की तरफ विशेष ध्यान दिया जाना बनता था। उन्होंने सड़क निर्माण के लिए पैसा मंज़ूर करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान और लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ का धन्यवाद किया है।

उन्होंने आगे बताया कि 39 किलोमीटर लम्बी इस सड़क के निर्माण के लिए टैंडर लग चुके हैं और 1 अप्रैल से काम शुरू होने की संभावना है। सड़क का करीब 14 किलोमीटर का इलाका जालंधर जिले में और 25 किलोमीटर का इलाका होशियारपुर जिले में आता है। ज़िक्रयोग्य है कि जिम्पा इस सड़क निर्माण के लिए पहले दिन से ही भरपूर यत्न कर रहे हैं और कई केंद्रीय मंत्रियों समेत पंजाब कैबिनेट के साथी मंत्रियों के साथ भी मीटिंगें कर चुके हैं। अब उनकी कोशिशों स्वरूप यह सड़क जल्द बन कर तैयार हो जायेगी।

# 50 लाख की नगद इनामी राशि से सांसद खेल महाकुंभ की 2300 टीमों का सम्मान: अनुराग ठाकुर




• **जालंधर ब्रीज.** हिमाचल प्रदेश

7 मार्च 2023, हिमाचल प्रदेश: केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल व युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हमीरपुर में इस वर्ष के सांसद खेल महाकुंभ के विधानसभा स्तर की प्रतियोगताओं के समापन समारोह में 2300 टीमों के प्रतिभागियों को 50 लाख की नगद इनामी राशि वितरित कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

इस बार के कार्यक्रम की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें पांच खेलों में कुल 2300 से ज़्यादा टीमों ने भाग लिया है। प्रोत्साहन के तौर पर सभी टीमों को कुल 50 लाख रुपये इनामी राशि के तौर पर दिए जाएंगे। इनमें ब्लॉक लेवल पर जीतने वाली 85 टीमों को ₹5100, फर्स्ट रनर अप को ₹3100 और सेकंड व थर्ड रनरअप को भी ₹2100 की राशि प्रदान की जा रही है। इसके अलावा एथलेटिक्स में जीतने वाले 48 लोगों को ₹2100 यानी कुल ₹1 लाख 8 सौ, फर्स्ट रनर रहने वाले 48 को ₹1100 और सेकंड रनरअप रहने वाले 48 लोगों को ₹750 की राशि दी जा रही है। ज़िला स्तरीय रेसलिंग में भी 48 विजेताओं को ₹11000, पहले रनरअप को ₹5100 व दूरसे रनरअप को ₹3100 दी जा रही है। रेसलिंग में कुल इनामी राशि ₹9 लाख 21 हज़ार 6 सौ है।

अनुराग ठाकुर ने कहा " किसी व्यक्ति के समग्र विकास और राष्ट्रनिर्माण में खेलों की अहम भूमिका है।हमीरपुर संसदीय क्षेत्र और हिमाचल प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने और उन्हें एक प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए लगातार मैं प्रयासरत हूँ।हमारे ग्रामीण और पंचायत स्तर पर बहुत सी अनूठी प्रतिभाएँ मौजूद हैं जिन्हें बस ढूँढ कर सामने लाने के लिए एक मंच की ज़रूरत है, और सांसद खेल महाकुंभ इसी दिशा में एक अनुपम प्रयास है। हमने सुनिश्चित किया है कि एथलीटों को बेहतरीन मंच मिले, वो खेलों को करियर के तौर पर देखें, हमने सुनिश्चित किया कि सभी एथलीटों को खेल किट, प्रमाण पत्र और मेडल के साथ साथ नकद पुरस्कार भी मिले"

आगे बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा " ये हमारे हमीरपुर और यहां के युवा साथियों के लिए गर्व की बात है कि 2018 में हमने हमीरपुर से जो यात्रा चालू की थी वो आज देश के कोने कोने में फैल गयी है। हमारे सांसद खेल महाकुंभ मॉडल की लोकप्रियता का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आज देश के हर राज्य में सांसद अपने यहाँ खेल महाकुंभ करवा रहे हैं जिसमें कई कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने स्वयं खिलाड़ियों को सम्बोधित कर उनका उत्साहवर्धन किया है। आज के इस कार्यक्रम में 21 लाख से ज़्यादा की नगद इनामी राशि खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेगी। यह हर्ष का विषय की इस बार के खेल महाकुंभ में कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभाएँ इस खेल आयोजन का हिस्सा बनी हैं"

# आईआईटी रोपड़ द्वारा अनुसंधान और नवाचार को मजबूत करने के थीम पर अमृतसर में जी-20 कार्यक्रम की मेजबानी की जाएगी

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ (आईआईटी रोपड़) अमृतसर में 15-17 मार्च, 2023 के बीच "सहयोग के माध्यम से अनुसंधान और नवाचार को मजबूत करने" थीम पर दूसरी शिक्षा कार्य समूह की बैठक की मेजबानी करने के लिए तैयार है। यह आयोजन जी 20 सदस्य देशों के विचार-विमर्श से अनुसंधान और नवाचारों के लिए प्रासंगिक नीतियों और सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान पर केंद्रित होगा।

इस आयोजन के माध्यम से, सरकार जी 20 सदस्य देशों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने और एसडीजी लक्ष्यों तक पहुंचने में प्रत्येक देश के मुद्दों का सामूहिक रूप से उत्तर प्रदान करेगी। वहीं यह बैठक कई क्षेत्रों में सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए सहकारी पहलों जैसे तरीकों और रणनीति पर भी केंद्रित होगी, जिन्हें लागू किया जा सकता है।

इस बैठक में भाग लेने वालों में यूनेस्को, यूनिसेफ, विश्व बैंक और ओईसीडी जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हैं। यह आयोजन अनुसंधान और नवाचार पर जोर देगा, साथ ही जी 20 सदस्य देशों के प्रदर्शन पर सहयोग के प्रभाव पर भी जोर देगा। इस दौरान अनुसंधान और नवाचारों पर प्रमुख सेशन आयोजित



किए जायेंगे जो देशों के अंदर विभिन्न प्रकार की असमानता को कम करने, उच्च उपज प्राप्त करने और खाद्य अपशिष्ट को कम करने के लिए टिकाऊ कृषि के लिए नवाचार, सस्ते एंव टिकाऊ ऊर्जा अनुसंधान और नवाचार में शिक्षाविदों की भूमिका, तथा पर्यावरण के प्रति जागरूक और जवाबदेह औद्योगीकरण के लिए नवाचारों में मदद करेंगे। इसके अलावा इस बैठक में अनुसंधान और नवाचार के अवसरों तक पहुंच करने पर ध्यान केंद्रित करने,वहीं महिलाओं, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से वंचित समूहों पर विचार चर्चा के अलावा, नवाचार संवर्धन में सुधार करने और अनुसंधान विचार विमर्श और क्रॉस-संस्थागत सहयोग आदि की दिशा में बाधाओं को कम करने के लिए जी 20 सदस्य देशों के बीच सहयोग का विस्तार करने के तरीकों की रणनीति बनाने में भी मदद मिलेगी।

आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रोफेसर राजीव आहूजा ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय द्वारा आईआईटी को आवंटित जी-20 कार्यक्रम बहु-भागीदार सहयोग के लिए एक रोडमैप सुनिश्चित करने में मदद करेगा। वहीं इससे अनुसंधान सामग्री की पहुंच और प्रावधान को सुविधाजनक बनाने के लिए यत्न किए जायेंगे ताकि उद्योग-शिक्षा के बीच की दूरी को कम करने के साथ-साथ , अनुसंधान और नवाचारों के लिए प्रासंगिक नीतियों और तरीक़ों की खोज और पहचान की जा सके।

इस तरह से 'वसुधैव कुटुम्बकम' - एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के विषय का पालन करते हुए जी 20 सदस्य देशों में गुणवत्ता अनुसंधान के लिए दीर्घकालिक सहयोग स्थापित किया जा सकेगा।

इसके अलावा, प्रतिनिधियों के लिए इस भव्य कार्यक्रम के एक भाग के रूप में आईटीआई द्वारा 100 स्टालों के साथ विघटनकारी प्रौद्योगिकियों और नवाचारों की एक प्रदर्शनी भी स्थापित की जा रही है। इन स्टालों में भारत और जी 20 सदस्य देशों के स्टार्टअप / प्रौद्योगिकियां शामिल होंगी ताकि मानव प्रकार की बेहतरी के लिए नवाचारों के वैश्विक परिदृश्य का अनुभव किया जा सके।

# करोड़ों के घोटाले में सीबीआई ने फिजी से निर्वासन के पश्चात नई दिल्ली आने पर फरार आरोपी को गिरफ्तार किया

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली



सांकेतिक तस्वीर

सीबीआई ने कई हजार करोड़ रुपए के चिट फण्ड घोटाले में एक फरार आरोपी को दिल्ली पहुँचने पर गिरफ्तार किया।फिजी से निर्वासित किए जाने के पश्चात आरोपी को भारत वापस लाया गया। उक्त आरोपी इस मामले में शुरू से ही फरार चल रहा था। विचारण अदालत ने उसके विरुद्ध एक खुली तारीख का गैर-जमानती वारंट जारी किया था, और इंटरपोल के माध्यम से एक रेड नोटिस भी जारी किया गया था। यह गिरफ्तारी पिछले साल 'ऑपरेशन त्रिशूल' के दौरान सीबीआई द्वारा की गई पहल का परिणाम है, जब उसके विरुद्ध इंटरपोल रेड नोटिस जारी करने का अनुरोध भेजा गया था। एनसीबी, सुवा (फिजी) के माध्यम से उनके निर्वासन के लिए अनुरोध किया गया था। फिजी से निर्वासित किए जाने पर सीबीआई की एक टीम उन्हें भारत वापस लाई।

उक्त आरोपी, एक आरोपी निजी कंपनी के तत्कालीन निदेशक एवं शेयरधारक, कथित रूप से उक्त कंपनी के मामलों से सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे एवं बोर्ड की बैठकों में भी मौजूद थे जहां सभी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए थे। ऐसा आगे आरोप है कि उसने उक्त निजी कंपनी के अन्य निदेशकों के साथ सामूहिक निवेश योजना को बिना किसी वैधानिक अनुमोदन के अवैध रूप से संचालित करने का षड़यंत्र रचा।

गिरफ्तार आरोपी को आज राउज एवेन्यू जिला अदालत, नई दिल्ली की नामित अदालत के समक्ष पेश किया जा रहा है।

सीबीआई ने उक्त आरोपों की जांच हेतु माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर पूर्व में दर्ज प्राथमिक जांच के रूपांतरण के पश्चात निजी कंपनी के तत्कालीन अध्यक्ष/सीएमडी और प्रोत्साहक निदेशक एवं अन्यों जिसमें उक्त निजी कंपनी, अन्य निजी कंपनी तथा इन निजी कंपनियों के तत्कालीन निदेशक शामिल है, के विरुद्ध दिनाँक 19.02.2014 को मामला दर्ज किया। जांच में उक्त निजी कंपनी द्वारा निवेशकों को लुभाने के लिए फर्जी भूमि आवंटन पत्र जारी कर कई हजार करोड़ रुपये का निवेश जुटाने का प्रथम दृष्टया साक्ष्य सामने आया। यह पता चला कि जब उक्त कंपनी, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा योजना को बंद करने और निवेशकों को निवेशित धनराशि वापस करने के निर्देश दिए तो कंपनी ने इसी तरह की धोखाधड़ी वाली योजना अन्य/दूसरी निजी कंपनी के नाम से संचालित की। इस दूसरी कंपनी के नए निवेशकों से एकत्रित धन का इस्तेमाल पहली निजी कंपनी के पहले के निवेशकों को लौटाकर आपराधिक मुकदमा चलाने से रोकने के लिए किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय वक्ताओं ने पीयू का दौरा किया, सिटी टूर भी किया

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़





विभिन्न G20 देशों के साथ-साथ पूरे भारत के वक्ताओं ने 4 मार्च 2023 को पंजाब यूनिवर्सिटी G20 यूथ20 पैनल चर्चा का हिस्सा बनने के लिए भाग लिया। अगले दिन कुछ वक्ताओं ने चंडीगढ़ बर्ड पार्क, सुखना लेक, सेक्टर 8, रॉक गार्डन और सेक्टर 17 प्लाजा जाने की योजना बनाई।

प्रोफेसर डगलस लेकोर्चिक, शिक्षा के प्रोफेसर (एसटीईएम), फेयरमोंट विश्वविद्यालय, उत्तरी कैरोलिना, उनके साथी जेनिफर रॉबिन विलियम्स, डॉ. श्रीधर वुली, विंड टर्बाइन विशेषज्ञ आर एंड डी इंजीनियर, डेनमार्क, रोहन जैन, युवा पेशेवर, युवा मामले और खेल मंत्रालय, अतुल्य मेहता, सोशल मीडिया मैनेजर, युवा मामले और खेल मंत्रालय और पुनीत कुमार, एम.ई., यूआईईटी ने पीयू का दौरा किया।

वे नेकचंद सैनी के रॉक गार्डन की मूर्तियों के जटिल विवरण को देखकर अचंभित रह गए, वे शांतिपूर्ण माहौल को देखकर काफी उत्साहित थे और वहां से जाना नहीं चाहते थे। यह दौरा पंजाब विश्वविद्यालय में एक निजी दोपहर के भोजन के साथ समाप्त हुआ।

# 8 आयुर्वेदिक डिस्पैंसरियो को आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के तौर पर किया जाएगा अपग्रेड : डिप्टी कमिश्नर

*अधिकारियों को 31 मार्च तक काम पूरा करने के निर्देश*

• जालंधर ब्रीज.जालंधर



डिप्टी कमिश्नर जसप्रीत सिंह ने गुरूवार को कहा कि स्वास्थ्य ढांचे को और बढ़िया, मजबूत करने के लिए उठाए जा रहे कदमों की कड़ी के अधीन जिले की आठ आयुर्वेदिक डिस्पैंसरियो को आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के तौर पर अपग्रेड किया जाएगा। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि आयुर्वेदिक और यूनानी इलाज विधि का लाभ भी लोगों को देने के लिए ज़िले के गाँव ताजपुर, निजरा,रसूलपुर कलां, तलवंडी माधो, खानपुर ढाडा, प्रतापपुरा, पतारा और दहुड़े में चल रही आयुर्वेदिक डिस्पैंसरियो को हेल्थ एंड वैलनेस सैंटर के तौर पर विकसित करने के लिए चुना गया है।उन्होंने कहा कि 5.20 लाख का बजट प्रत्येक डिस्पेंसरी को अपग्रेड करने के लिए रुपये रखा गया है।

डिप्टी कमिश्नर ने यहां जिला प्रशासकीय परिसर में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान आयुष हैल्थ एंड वैलनेस सेंटर से संबंधित सभी कार्य 31 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए ।उन्होंने कार्यकारी एजेंसी के अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियों को तेजी से लागू करने को कहा ताकि निर्धारित समय के भीतर अपग्रेड सेवाओं को शुरू किया जा सके। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से सैंटरो में आवश्यक डॉक्टर व स्टाफ की रिपोर्ट तैयार कर भेजने को कहा। इस मौके पर एडीसी (विकास) वरिंद्रपाल सिंह बाजवा, एसडीएम जै इंदर सिंह, बलबीर राज सिंह, रणदीप सिंह हीर व अमनपाल सिंह, जिला नोडल अधिकारी डा.चेतन मेहता, सुपरडैंट जसबीर कौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## दिव्यांगो को नि:शुल्क सहायक उपकरणों की बाँट के लिए रविवार को मेगा कैंप

जिला प्रशासन और सामाजिक सुरक्षा ,महिला एवं बाल विकास विभाग एलिम्को (कृत्रिम अंग निर्माण निगम) मोहाली के सहयोग से 12 मार्च को स्थानीय सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल, केंट रोड में दिव्यांगजनों को मुफ्त सहायक उपकरण बाँटने के लिए मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर जसप्रीत सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष अगस्त से सितंबर महीने में आयोजित 12 ब्लॉक स्तरीय असेसमेंट कैंप दौरान योग्य पाए गए लाभपात्रियों को सामान बाँटा जायेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल दिव्यांगो के जीवन को आसान बनाने के लिए की गई है, जिसके तहत सुबह 9 बजे से शुरू होने वाले इस कैंप में 1400 से अधिक सहायक उपकरण 841 लाभपात्रियों को बाँटे जाएंगे। उन्होंने कहा कि कैंप से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय पर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को पहले ही निर्देश जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को कैंप स्थल पर समय पर साफ-सफाई, मैडिकल टीम, एंबुलेंस, फायर टेंडर, बिजली आपूर्ति, सुचारू यातायात, पार्किंग, पेयजल, अस्थायी शौचालय, लाभपात्रियों के बैठने तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डिप्टी कमिश्नर ने जिला प्रशासन की दिव्यांगजनों के प्रति वचनबद्धता को दोहराते हुए कहा कि यह हमारे समाज का अभिन्न अंग हैं, जिन्हें हर सुविधा प्राथमिकता के आधार पर प्रदान की जाएगी।

# डीसी द्वारा अदालती केसों के सुचारू अनुश्रवण हेतु नोडल अधिकारी नामांकित करने के आदेश

*एनडीपीएस और आबकारी विभाग से जुड़े मामलों में सजा की दर बढ़ाने पर जोर*

• जालंधर ब्रीज.कपूरथला




डिप्टी कमिश्नर विशेष सारंगल ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वह अपने-अपने विभागों से तुरंत नोडल अधिकारी नामांकित करें और पंजाब सरकार से संबंधित मामलों की समुचित फालोअप के लिए डिप्टी कमिश्नर के कार्यालय को सूचित करें। गुरूवार को यहां पंजाब डिस्प्यूट रिजॉल्यूशन एंड लिटिगेशन पॉलिसी 2020 के क्रियान्वयन संबंधी मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि अदालती मामलों का तेजी से समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग द्वारा नामांकित नोडल अधिकारी कम से कम प्रथम श्रेणी का अधिकारी होगा।

डिप्टी कमिश्नर व एसएसपी राजपाल सिंह ने एनडीपीएस व आबकारी विभाग से संबंधित मामलों में सजा की दर बढ़ाने के लिए जांच अधिकारियों व विभागीय कर्मचारियों को सैंपल कलेक्शन, टेस्टिंग व कोर्ट में केस प्रापर्टी पेश करने का प्रशिक्षण देने की जरूरत पर भी जोर दिया। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि जांच अधिकारियों और जिला अटार्नी के अधिकारियों की संयुक्त संगोष्ठी आयोजित की जाए ताकि अदालती मामलों को बेहतर ढंग से संचालित किया जा सके।

डिप्टी कमिश्नर ने विभागीय प्रमुखों को अपने विभागों से संबंधित किसी भी अदालतों में लंबित मामलों की वर्तमान स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने और सभी मामलों में पंजाब सरकार का पुरजोर समर्थन करने के लिए कहा। बैठक के दौरान अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर सागर सेतिया, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर विकास परमजीत कौर, चारां डिवीजनों के एसडीएम, जिला अटार्नी सहित विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

## लवजीत कंग गैंग के 6 मैंबर गिरफ्तार



**• खन्ना पुलिस ने गैंगस्टर लवजीत कंग गैंग के 6 मैंबरों को गिरफ्तार कर उनसे 13 पिस्तौल, तीन जिंदा रौंद व दो वाहन बरामद किए हैं। सभी की पहचान दविंदर सिंह उर्फ बंटी, करनजोत सिंह उर्फ नोना व बलकरन सिंह तीनों निवासी अमृतसर, कोहेनूर सिंह उर्फ टीटू व हरप्रीत सिंह उर्फ हनी वासी लुधियाना और कमलजीत सिंह उर्फ कैम निवासी कपूरथला के तौर पर हुई है। लवजीत कंग निवासी अमेरिका फिलहाल फरार है।**

## नाजायज पिस्तौल व 6 जिंदा रौंद समेत एक काबू



**• जालंधर थाना डिवीजन नंबर-2 की पुलिस ने नाजायज पिस्तौल व 6 जिंदा रौंद समेत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिसकी पहचान रोहित कुमार उर्फ मन्ना निवासी सैंटर नकोदर चौंक जालंधर के तौर पर हुई है। रोहित मूल रूप से गांव लुहारवीन थाना बडरस जिला हरीपुर हिमाचल प्रदेश का रहने वाला है।**

## कत्ल का आरोपी गिरफ्तार



**• फोक्ल प्वाइंट जालंधर में 8 मार्च को हुए कत्ल के आरोप में थाना डिवीजन नंबर 8 कमिश्नरेट जालंधर में नामजद आरोपियों में से एक सूरज पुत्र प्रकाश निवासी स्वर्ण पार्क के नज़दीक गदईपुर नहर पुली को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी का कोई क्राईम रिर्काड नहीं है।**

## ठगी मारने वाला गिरफ्तार



**• सब-डिवीजन आदमपुर की पुलिस ने 52 लाख 88 हजार की ठगी मारकर आस्ट्रेलिया भागने वाले दोषी को गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। रवि कुमार के खिलाफ पहले से एलओसी जारी था जिसके कारण उसे 6 मार्च को बैंगलुरू एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया गया।**

# कोटकपूरा पेस्टीसाइड एसो. के प्रतिनिधियों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही



• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

कोटकपूरा पेस्टीसाइड एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल आज पंजाब विधान सभा के बजट सत्र की कार्यवाही देखने चंडीगढ़ पहुँचा। इस 24 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सदन में कार्यवाही देखने के उपरांत एसोसिएशन के प्रधान राजन गर्ग के नेतृत्व में विधान सभा स्पीकर स. कुलतार सिंह संधवां के साथ मुलाकात की। इस दौरान स्पीकर संधवां के साथ वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा, कृषि मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल, विधायक वरिन्दर गोयल, जसवंत सिंह गज्जणमाजरा और कुलवंत सिंह भी मौजूद थे। एसो. के प्रतिनिधियों ने वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा को बजट पेश करने के लिए आगामी बधाई दी। उन्होंने कहा कि भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार से उनको बहुत उम्मीदें हैं।

इस मौके पर बोलते हुये एसोसिएशन के नेताओं ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा राज्य के लोगों की भलाई के लिए किये जा रहे काम सराहनीय हैं, जिनमें प्रमुख प्रयास मुफ़्त बिजली और भ्रष्टाचार-मुक्त प्रशासन है। प्रतिनिधियों ने विधानसभा स्पीकर द्वारा शुरू किये गए चलंत मुद्दों पर विचार-विमर्श के सिलसिले के लिए ख़ास तौर पर धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि लोगों की भलाई के मुद्दे विधानसभा में साकार रूप ले रहे हैं, जिस सम्बन्धी कानून बनने पर लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

# भारतीय नौसेना का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास

• जालंधर ब्रीज.नई दिल्ली



वर्ष 2023 के लिए भारतीय नौसेना का प्रमुख परिचालन स्तरी अभ्यास ट्रॉपेक्स, नवंबर 2022 से मार्च 2023 तक चार महीने की अवधि में आईओआर में आयोजित किया गया। सैन्याभ्यास इस सप्ताह अरब सागर में सम्पन्न हो गया। समग्र अभ्यास में तटीय रक्षा अभ्यास सी-विजिल और जमीन व जल में अभ्यास एम्फेक्स शामिल थे। साथ में, इन अभ्यासों में भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और तटरक्षक बल की महत्त्वपूर्ण भागीदारी भी रही। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी सहित हिंद महासागर में कायम किया जाने वाले अभ्यास के लिए संचालन का क्षेत्र उत्तर से दक्षिण तक 4300 समुद्री मील तक और पश्चिम में फारस की खाड़ी से 35 डिग्री दक्षिण अक्षांस पूर्व में उत्तरी ऑस्ट्रेलिया तट तक लगभग 5000 समुद्री मील में फैला हुआ था। यह पूरा इलाका 21 मिलियन वर्ग समुद्री मील से अधिक के क्षेत्र में फैला हुआ था। ट्रॉपेक्स-23 में लगभग 70 भारतीय नौसेना के जहाजों, छह पनडुब्बियों और 75 से अधिक विमानों ने भाग लिया।

ट्रॉपेक्स 23 का अंतिम पड़ाव आते-आते भारतीय नौसेना का गहन परिचालन चरण सम्पन्न हो गया। यह नवंबर 2022 में शुरू हुआ था। अंतिम संयुक्त चरण के हिस्से के रूप में, माननीय रक्षा मंत्री ने छह मार्च 2023 को नए कमीशन किए गए स्वदेशी विमान वाहक विक्रांत पर समुद्र में एक दिन बिताया। उन्होंने भारतीय नौसेना की परिचालन तैयारियों और साजो-सामान की समीक्षा की, जिसमें नौसेना ने स्वदेशी एलसीए के डेक संचालन और प्रत्यक्ष हथियार फायरिंग सहित परिचालन कौशल और लड़ाकू अभियानों के विभिन्न पहलुओं का प्रदर्शन किया। रक्षा मंत्री ने 'मेक इन इंडिया' पहल में सबसे आगे रहने और सुरक्षित भविष्य की दिशा में आत्मनिर्भरता के मार्ग का लाभ उठाने के लिए भारतीय नौसेना की सराहना की।

# आम आदमी क्लीनिकों के स्टाफ के लिए करवाया ट्रेनिंग सैशन

• जालंधर ब्रीज.जालंधर

सेहत विभाग जालंधर द्वारा मैडीकल सुपरिटेंडेंट व एग्जीक्यूटिव सिविल सर्जन डॉ. राजीव शर्मा के नेतृत्व में गुरूवार को जिला ट्रेनिंग सेंटर जालंधर में आम आदमी क्लीनिकों के स्टाफ के लिए ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया गया। पंजाब हेल्थ सिस्टम कार्पोरेशन (पीएचएससी), मोहाली की आईटी सैल की टीम अमनप्रीत सिंह व सौरभ कुमार द्वारा आम आदमी क्लीनिकों के मैडीकल अफ्सरों, फार्मासिस्टों व क्लीनिक असिस्टेंट को आम आदमी क्लीनिक साफ्टवेयर के संबंध में ट्रेनिंग दी गई।

इस मौके पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. राकेश चोपड़ा, एसएमओ डॉ. गुरमीत लाल व जिला बीसीसी कॉआर्डीनेटर नीरज शर्मा मौजूद थे। पंजाब हेल्थ सिस्टम कार्पोरेशन की आईटी सैल की टीम अमनप्रीत सिंह व सौरभ कुमार द्वारा समूह स्टाफ को आम आदमी क्लीनिक एप्लीकेशन को चलाने की सारी प्रक्रिया के बारे में प्रोजेक्टर द्वारा प्रेजेंटेशन दिखाते हुए विस्तार से समझाया गया।



# जी-20: महिलाओं के नेतृत्व में विकास की पहल

भारत को जी-20 की अध्यक्षता एक महत्वपूर्ण मोड़ और उपयुक्त समय पर मिली है। पिछले तीन वर्षों में संकट का सामना कर चुके दुनियाभर के देश बेहतर स्थिति में पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। कोविड-19 महामारी से लेकर चल रहे जलवायु संकट तक, अब यह बात स्वीकार की जा चुकी है कि किसी भी संकट का प्रभाव लैंगिक आधार पर होता है। इसमें महिलाओं और लड़कियों को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ती है। उनकी सुरक्षा, आजीविका और स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है।

भारत की अध्यक्षता में जी-20 महिलाओं और लैंगिक समानता पर ज्यादा ध्यान केंद्रित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं की पूंजी तक पहुंच, उद्यमशीलता और श्रम शक्ति की भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण मसलों का अनिवार्य रूप से समाधान करने पर जोर दिया है।

विशेष रूप से हम निम्नलिखित विषयों पर ठोस कदम उठाए जाने की उम्मीद करते हैं: पहला, महिलाओं के डिजिटल और वित्तीय समावेशन का समर्थन। वैश्विक स्तर पर लगभग आधी (42%) महिलाएं एवं लड़कियां औपचारिक वित्तीय प्रणाली से बाहर हैं। वित्तीय समावेशन दरों में प्रगति के बाद भी, लैंगिक अंतर कम नहीं हुआ है और यह 7% का अंतर बना हुआ है। डिजिटल प्रौद्योगिकी नवाचारों (विशेष रूप से सूचना एवं संचार के लिए) में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में तेजी लाने की क्षमता है। अभी, दोनों डिजिटल प्रौद्योगिकी और डिजिटल शिक्षा तक पहुंच में



**अमिताभ कंत**

डिजिटल लैंगिक अंतर बरकरार है। भारत ने जेएएम या जन धन-आधार-मोबाइल प्लेटफॉर्म के माध्यम से महिलाओं के लिए डिजिटल वित्तीय समावेशन को प्राथमिकता दी है। इसकी मदद से कई महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम सीधे महिलाओं तक पहुंच सके हैं और उन्हें मजबूती देने के साथ आर्थिक रूप से सशक्त भी किया है।

दूसरा, विकास में समान रूप से भागीदार बनाने के लिए महिलाओं की क्षमताओं को मजबूत करना। यह अर्थव्यवस्था और समाज दोनों में महिलाओं की भागीदारी में निरंतरता सुनिश्चित करने के साथ ही उनके प्रवेश को सुविधाजनक बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। उदाहरण के तौर पर, पूरी दुनिया में शिक्षा को सशक्तिकरण का आधार माना गया है, इसके बावजूद केवल 49 प्रतिशत ने प्राथमिक शिक्षा में लैंगिक समानता हासिल की है। निम्न माध्यमिक शिक्षा में यह आंकड़ा 42 प्रतिशत और उच्च माध्यमिक शिक्षा में 24 प्रतिशत ही है। पूरी दुनिया में करीब 1.1 अरब महिलाएं और लड़कियां औपचारिक वित्तीय प्रणाली से बाहर हैं, इनमें से कइयों की डिजिटल तकनीक तक सीमित पहुंच है। इसी प्रकार से, दुनियाभर के देशों में काफी ज्यादा देखभाल का काम महिलाएं बिना वेतन के करती हैं। ऐसे में यह महत्वपूर्ण है कि जी-20 साथ मिलकर काम करे और महिलाओं के जीवन में एवं उनके कार्यस्थल पर लंबे समय से चली आ रही अड़चनों को दूर करने के लिए आम सहमति बनाकर फैसले लिए जाएं।

तीसरा, निर्णय लेने के सभी स्तरों पर महिला नेतृत्व को सक्षम बनाना। आज, भारत में प्रशासनिक कार्यालयों में 1.90 करोड़ से अधिक महिलाएं, पंचायती राज संस्थानों के लिए चुनी गई 17,000 से अधिक महिलाएं और रक्षा बलों में 10,000 से अधिक महिलाएं कार्यरत हैं। महिलाओं के नेतृत्व में विकास के लिए ऐसा दृष्टिकोण उनकी अद्वितीय संभावनाओं, अनुभवों और नेतृत्व शैली को सामने लाने के लिए महत्वपूर्ण होगा, बदले में महिलाएं अधिक समावेशी और प्रभावी निर्णय लेने की स्थिति में पहुंच सकेंगी।

दुनिया ने जिन संकट का सामना किया है, उसने हमें अपने सामान्य विकास लक्ष्यों को हासिल करने से पीछे धकेल दिया है- भारत की जी-20 अध्यक्षता हमें अगले चरण के विकास के लिए एजेंडा तय करने का अवसर प्रदान करती है। ऐसे मौके पर, यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि हम महिलाओं को अपने प्रयास के केंद्र में रखें ताकि एक बेहतर कल मिल सके।

***लेखक जी-20 शेरपा और नीति आयोग, भारत सरकार के पूर्व सीईओ हैं। यह उनके निजी विचार हैं।**



## 'विरसा होशियारपुर दा' मेले संबंधी विशेष दस्तावेजी फिल्म का डी.डी. पंजाबी पर प्रसारण आज

• जालंधर ब्रीज.होशियारपुर

डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने बताया कि होशियारपुर की अमीर विरासत को समर्पित 'विरसा होशियारपुर दा' मेले पर तैयार की गई विशेष दस्तावेजी फिल्म का 10 मार्च को डी.डी. पंजाबी (दूरदर्शन) के प्राइम टाईम सांय 8:30 बजे प्रसारण किया जाएगा।

# केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने लॉन्च किया वुमन आइकॉन्स लीडिंग स्वच्छता अवॉर्ड्स का प्रथम संस्करण

## अवॉर्ड्स के लिए 8 मार्च से 5 अप्रैल 2023 तक कर सकते हैं आवेदन

• जालंधर ब्रीज.नई दिल्ली





प्रधानमंत्री द्वारा अक्टूबर 2014 में भारत सरकार के प्रमुख मिशन 'स्वच्छ भारत मिशन-शहरी' को लॉन्च किए हुए आठ साल हो गए हैं। इस मिशन ने सुरक्षित स्वच्छता और महिलाओं की गरिमा तक पहुंच को सक्षम बनाया है, साथ ही स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में महिलाओं के लिए आजीविका और कौशल विकास के अवसर भी खोले हैं। अब हम 'स्वच्छता के क्षेत्र में महिलाओं' के विचार से आगे बढ़कर 'महिलाओं के नेतृत्व वाली स्वच्छता' की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम बढ़ाने के लिए तैयार हैं। स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन में महिलाओं के प्रभाव को उजागर करने के लिए माननीय केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर 7 मार्च 2023 को 'वुमन आइकॉन्स लीडिंग स्वच्छता' (डबल्यूआईएनएस) अवॉर्ड्स 2023 की घोषणा की। डबल्यूआईएनएस अवॉर्ड्स 2023 का उद्देश्य महिलाओं के नेतृत्व वाले संगठनों, व्यक्तिगत रूप से सक्रिय महिलाओं द्वारा शहरी स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में की गई प्रेरक और अनुकरणीय पहलों का जश्न मनाते हुए उनका प्रसार करना है। अवॉर्ड्स के लिए आवेदनों की प्रक्रिया 8 मार्च से 5 अप्रैल 2023 तक खुली रहेगी। पुरस्कारों के लिए आवेदन स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) (ii) सूक्ष्म उद्यमों, (iii) गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), (iv) स्टार्टअप और (v) व्यक्तिगत महिला नेताओं/स्वच्छता चैंपियन के लिए खुले हैं।

आवेदनों पर विषयगत क्षेत्रों के तहत विचार किया जाएगा, जिनमें (i) सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालयों का प्रबंधन (ii) सेप्टिक टैंक सफाई सेवाएं (iii) ट्रीटमेंट सुविधाएं (उपयोग किया गया पानी/सेप्टेज) (iv) नगरपालिका जल संग्रह और/या ट्रांसपोर्टेशन (v) मटीरियल रिकवरी फैसिलिटी का संचालन (vi) वेस्ट टु वेल्थ प्रोडक्ट्स (vii) ट्रीटमेंट सुविधाएं (ठोस अपशिष्ट प्रबंधन) (viii) आईईसी, प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण (ix) प्रौद्योगिकी व हस्तक्षेप और (x) अन्य शामिल रहेंगी। आवेदन पत्र सभी राज्यों को उपलब्ध कराया जाएगा।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.